रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

# भारत का राजपत्र
# The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-22072021-228415
CG-DL-E-22072021-228415

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

| | |
|---|---|
| सं. 404] | नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, जुलाई 22, 2021/आषाढ़ 31, 1943 |
| No. 404] | NEW DELHI, THURSDAY, JULY 22, 2021/ASHADHA 31, 1943 |


## स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

(स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग)

## अधिसूचना

नई दिल्ली, 22 जुलाई, 2021

**सा.का.नि. 502(अ).—**औषधि नियम, 1945 का और संशोधन करने के लिए कतिपय नियमों के निम्नलिखित प्रारूप, जिसे केंद्रीय सरकार औषधि तकनीकी सलाहकार बोर्ड के परामर्श से औषधि और प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 (23 के 1940) की धारा 12 की उपधारा (1) और धारा 33 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, इसके द्वारा प्रभावित होने की संभावना वाले सभी व्यक्तियों की जानकारी के लिए प्रकाशित किया जाता है और एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि उक्त प्रारूप नियमों पर उस तारीख से तीस दिनों की अवधि समाप्त होने पर या उसके बाद विचार किया जाएगा जिस तारीख को इन प्रारूप नियमों वाले भारत के राजपत्र की प्रतियां जनता को उपलब्ध कराई जाएगी।

केंद्रीय सरकार द्वारा उपर्युक्त विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर किसी भी व्यक्ति से प्राप्त होने वाली आपत्तियों और सुझावों पर विचार किया जाएगा।

आपत्तियां और सुझाव, यदि कोई हों, तो अवर सचिव, (औषधि), स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार, कमरा सं. 434, सी विंग, निर्माण भवन, नई दिल्ली - 110011 को अग्रेषित किया जाए अथवा drugsdiv-mohfw@gov.in पर ई-मेल की जाए।

**प्रारूप नियम**

1. (1) इन नियमों को औषधि (….संशोधन) नियम, 2021 कहा जाएगा।

(2) ये नियम राजपत्र में इनके अंतिम प्रकाशन की तारीख को प्रभावी होंगे।

2. औषधि नियम, 1945 में, नियम 127 के उपनियम (1) में, परन्तुक में, "परन्तु अनुसूची थ" के पश्चात, "और आईएस 4707 (भाग I) जैसा कि समय-समय पर भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा संशोधित किया गया है,", शब्द, अक्षर, कोष्ठक और अंक को शामिल किया जाएगा।

[फा. सं. एक्स.11014/14/2021-डीआर]

डॉ. मनदीप के भण्डारी, संयुक्त सचिव

टिप्पण : मूल नियम को तारीख 21 दिसम्बर, 1945 की अधिसुचना सं. एफ.28-10/45-एच (1) के तहत सरकारी राजपत्र में प्रकाशित किया गया और अंतिम बार अधिसुचना सं0 सा.का.नि.______(अ), तारीख: _____, के तहत संशोधित किया गया।

**MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE**

**(Department of Health and Family Welfare)**

**NOTIFICATION**

New Delhi, the 22nd July, 2021

**G.S.R. 502(E).—**The following draft of certain rules further to amend the Drugs Rules, 1945, which the Central Government proposes to make, in exercise of the powers conferred by Sub-section (1) of section 12 and Sub-section (1) of section 33 of the Drugs and Cosmetics Act, 1940 (23 of 1940), is hereby published after consultation with the Drugs Technical Advisory Board for information of all persons likely to be affected thereby and notice is hereby given that the said draft rules shall be taken into consideration on or after the expiry of a period of thirty days from the date on which copies of the Gazette of India containing these draft rules are made available to public;

Objections and suggestions which may be received from any person within the period specified above will be considered by the Central Government;

Objections and suggestions, if any, may be addressed to the Under Secretary (Drugs), Ministry of Health and Family Welfare, Government of India, Room No. 434, C Wing, Nirman Bhavan, New Delhi - 110011 or emailed at drugsdiv-mohfw@gov.in.

***DRAFT RULES***

(1) (i) These rules may be called the Drugs (......Amendment) Rules, 2021.

(ii) These rules shall come into force on the date of their final publication in the Official Gazette.

(2) In the Drugs Rules, 1945, in rule 127, in sub-rule (1), in proviso, after the words and letter "under Schedule Q", the words, letters, bracket and figures "and IS 4707 (Part I) as amended by Bureau of Indian Standards from time to time" shall be inserted.

[F. No. X.11014/14/2021-DR]

Dr. MANDEEP K BHANDARI, Jt. Secy.

**Note :** The principal rules were published in the Official Gazette *vide* notification No. F.28-10/45-H(1) dated 21st the December, 1945 and last amended *vide* notification number G.S.R.......(E), dated the.......

Uploaded by Dte. of Printing at Government of India Press, Ring Road, Mayapuri, New Delhi-110064
and Published by the Controller of Publications, Delhi-110054. ALOK KUMAR Digitally signed by ALOK KUMAR Date: 2021.07.22 22:02:09 +05'30'